जर्मनी को योरप का मध्य देश कह सकते हैं। नक़शे में देखो तो तुमको विदित होगा कि जर्मनी के आस-पास कितने देश हैं। पूर्व में पोलैंड और रूस, दक्षिण में आस्ट्रिया और स्विटज़रलैंड, पश्चिम में फ्रांस, बेलजियम और हालैंड तथा उत्तर में डेनमार्क है। उत्तर और दक्षिण की सीमा प्राकृतिक है परन्तु पूर्व और पश्चिम में बनावटी है। अतएव आने-जाने में सुभीता है। जर्मनी पहले प्रशा और कई बड़े बड़े राज्यों और स्वतन्त्र नगरों से मिलाकर एक बड़ा साम्राज्य था। अब ये सब मिलकर एक प्रजातन्त्र राज्य बन गये हैं।

प्राकृतिक दशा के विचार से जर्मनी किन भागों से सम्बन्ध रखता है? उत्तर में मैदान है और दक्षिण में एल्प्स पर्वत है इसलिए नदियाँ दक्षिण से निकलती हैं और फिर मैदान में लगभग एक दूसरे के समानान्तर बहती हुई बाल्टिक सागर तथा उत्तरी सागर में गिरती हैं। इन नदियों पर और उनकी सहायक नदियों पर सैकड़ों मील तक नावें भली भाँति चल सकती हैं। परन्तु इनके मुहानों पर बन्दरगाह बहुत अच्छे नहीं हैं। इसका कारण यह है कि कम जल के कारण बड़े बड़े जहाज़ वहाँ नहीं पहुँच सकते। अपने नक़शे से जर्मनी की मुख्य नदियों और बन्दरगाहों के नाम बताओ।

[illegible] गेहूँ, जौ, [illegible] विलायती बाजरा [illegible]

सोना और रत्नों को खान से निकालना इनका उद्यम है। यहां सीसा ढाला जाता है और प्रेग नगर में चीनी बर्तन बनाने का काम होता है। यह नगर वियना और बर्लिन बीच व्यापारी सड़क पर है इससे बहुत उपयोगी हो गया कार्पेथियन के प्रान्त में रूसी बंजारे रहते हैं। ब्रून इसका मु नगर है।

हंगेरी एक नीचा पठार आल्प्स, कार्पेथियन पहाड़ और बालका प्रायद्वीप से घिरा हुआ है। इसकी नदियों के बहाव को देखो। यह दे चौरस है। इसमें नदियां धीरे धीरे बहती हैं और इनमें बाढ़ आती है जलवायु गरमी में बहुत ही गरम और जाड़े में बहुत ही ठंडा रहता है। महीनों तक पाला पड़ता है। यह जलवायु गेहूँ की खेती के काम का है और यही कारण है कि गेहूँ हंगेरी की मुख्य उपज है, जो योरप भर में सबसे उत्तम होता है। यहां के रहनेवाले अपने को मगयार कहते हैं। ये लोग पहले एशिया में रहते थे परन्तु सैकड़ों वर्ष से हंगेरी में आकर बस गये हैं।

इस प्रजातन्त्र राज्य की राजधानी बूडापेस्ट है। यह हरे-भरे गेहूँ उपजानेवाले मैदान के बीच में है। यहां का मुख्य उद्यम आटा पीसना और गेहूँ लादना है। आज-कल का हंगेरी प्रजातन्त्र राज्य पुराने हंगेरी राज्य से बहुत छोटा है।

पोलैंड किसी समय एक स्वतन्त्र राज्य था और योरप के बड़े-बड़े देशों में गिना जाता था। सौ वर्ष हुए इसके बली पड़ोसी रूस, आस्ट्रिया और जर्मनी ने इसे आपस में बांट लिया और रूस को सबसे बड़ा अंश मिला। महायुद्ध के पीछे पोलैंड फिर स्वतन्त्र होकर प्रजातन्त्र राज्य बन गया। यह देश बड़े मैदान का एक अंश है। दक्षिण में कार्पेथियन के ढाल हैं। देश चौरस है और मिट्टी और जलवायु दोनों खेती के उपयोगी हैं। गेहूँ, राई, आटा और शक्कर [illegible] चुकन्दर के खेती [illegible]



नहीं हैं। वहाँ बहुत-सी खानें हैं, परन्तु ये सब अधिक खोदी नहीं जातीं और यहाँ कला-कौशल भी अधिक नहीं होता। इसलिए लोग जानवर पालते हैं और साधारण रीति से खेती करते हैं परन्तु फ़सलें बहुत कम होती हैं। तट के किनारे किनारे वनस्पति अधिक होती है। यहाँ की मुख्य उपज फल है।

टर्की का मुख्य नगर कुस्तुनतुनिया है जो टर्की साम्राज्य की राजधानी था। यह नगर एशिया और दक्षिणी योरप के मध्य के बड़े व्यापारिक मार्ग पर स्थित है और ढाई हज़ार वर्ष से प्रसिद्ध है। एथेन्स और कोरिन्थ यूनान के प्राचीन व्यापारिक नगर हैं। देश के भीतरी भाग के प्रसिद्ध नगर वेलग्रेड और सूफ़िया हैं। वेलग्रेड यूगोस्लेविया की राजधानी और सूफ़िया बलगेरिया की राजधानी है। इन सब नगरों को नक़्शे में देखो।

इटैली

२—इटैली भू-मध्य सागर का असली देश है। इसका जलवायु [illegible] के सब देशों से अच्छा है। प्रायद्वीप के किसी भाग से समुद्र [illegible] नहीं है। यहाँ सूर्य अधिक चमकता है, और गर्म और स्वच्छ [illegible] चलती हैं। ऐसा विदित होता है कि अपने देश के सुन्दर [illegible]क दृश्यों को देखते देखते इटैली के निवासियों को सुन्दर [illegible] से प्रेम करने का स्वभाव हो गया है। क्योंकि वे बड़े निपुण [illegible] हैं और वे अपने घरों तथा सरकारी इमारतों को उत्तम [illegible]या मूर्तियों से सजाते हैं और गान बजाने का बहुत शौक़ [illegible]। इटली का प्राय प्रत्येक निवासी गाना या बजाना [illegible]

[illegible]

(घ) पश्चिम के देश

फ्रांस

फ्रांस कृषि कार्य के लिए एक बहुत उपयोगी देश है जिसमें उपजाऊ मैदान और जङ्गल बहुत हैं। इन भागों को नक्शे में देखो। मैदान उत्तर और पश्चिम में फैले हुए हैं और आल्प्स पर्वत की शाखाएँ दक्षिण-पूर्व को चली जाती हैं। तुम जानते हो कि फ्रांस एटलांटिक महासागर और भू-मध्य सागर दोनों से मिला हुआ है। इसलिए इसका सम्बन्ध जलवायु के दो भागों से है। इसके दक्षिण में जहाँ सूर्य्य भली भाँति चमकता है अंगूर, जैतून और शहतूत उत्पन्न होते हैं। इस कारण मदिरा, जैतून का तेल और रेशम का माल तैयार किया जाता है। रोन नदी पर लियन्स नगर में दुनिया में सबसे अधिक रेशम का माल बनता है। उत्तर की ओर जहाँ वर्षा अधिक होती है [illegible] और चुकन्दर बहुत उत्पन्न होते हैं। पश्चिमी योरप के और देशों की अपेक्षा फ्रांस में बहुत अधिक गेहूँ उत्पन्न होता है।

उत्तर-पूर्व में कोयले की बड़ी बड़ी खानें हैं। यह बेल्जियम तक [illegible] हुई है और जर्मनी की खानों से जाकर मिल गई है। उन्हीं खानों [illegible] ब्रिटिश द्वीपसमूह में उत्तर सागर के दूसरी ओर फिर प्रकट होती [illegible] तुमको स्मरण रखना चाहिए कि कोयले के इसी मैदान में योरप [illegible] विद्यमान है जिसमें [illegible] के बड़े बड़े कारखाने [illegible] लिले [illegible] है [illegible]

च—ब्रिटिश द्वीपसमूह

पिछले पाठों में इस [illegible] के मुख्य देशों का वर्णन करते आये हैं। [illegible] के पश्चिमी [illegible] ब्रिटिश-द्वीपसमूह का वर्णन करेंगे। [illegible] का केन्द्र है जिसके अन्तर्गत हमारा देश हिन्दुस्तान है।

इस द्वीपसमूह की नक्शे में ध्यान से देखो। इसमें दो बड़े और कुछ छोटे छोटे द्वीपसमूह सम्मिलित हैं। इसमें सबसे बड़ा द्वीप ग्रेटब्रिटेन है जो पूर्व में स्थित है। इस द्वीप में तीन देश सम्मिलित हैं। दक्षिण में इंगलैंड जिसमें पश्चिम की ओर वेल्स सम्मिलित है, उत्तर में स्काटलैंड और पश्चिम में आयरलैंड है। इंगलैंड, वेल्स और स्काटलैंड से मिल कर एक राज्य बना है जिसको संयुक्त-राज्य कहते हैं। इसके सम्राट् पंचम जार्ज हैं। इस द्वीपसमूह के निवासियों को ब्रिटिश कहते हैं। आयरलैंड को ब्रिटिश-साम्राज्य के अन्य उपनिवेशों (कनाडा और आस्ट्रेलिया) की भाँति घरेलू स्वराज्य मिल गया है। [illegible] महाराज पंचम जार्ज की छत्र-छाया में आयरिश फ्री स्टेट के नाम से प्रसिद्ध है।

[illegible]

कारण यह भी है कि यहां के आर्द्र जलवायु के कारण रुई का सू
सूत कातने में टूटता नहीं। यहाँ कपड़े के कारखानों को एक औ
सुविधा यह है कि मैनचेस्टर के समीपवर्ती देश में वे लोग अधिक सं
ा बस गये हैं जो कई पीढ़ियों से सूत कातने व बुनने का काम क
आये हैं। लंकेशायर यों तो कई बड़े बड़े नगर रुई के कारखानों
लिए प्रसिद्ध हैं परन्तु इनमें मैनचेस्टर सबसे अधिक प्रसिद्ध है।

(ग) ऊनी माल—यह पेनाइन की श्रेणी के पूर्व में यार्कशायर
कोयले की खानों के ऊपर बनाया जाता है। पहले-पहल ऊनी म
के कारखाने यहाँ इस कारण से प्रचलित हुए कि लोग मैदान के द
कोण में भेड़ें पाला करते थे, परन्तु आज-कल बहुत-सा ऊन आस्ट्रे
और दक्षिण-अमेरिका से लिवरपूल और हल के बन्दरगाहों में आ
है। लीड्स और ब्रैडफोर्ड इस माल के बड़े व्यापा
स्थान है।

(घ) सन का माल—यह स्काटलैंड में फोर्थ की कोयले
खानों के समीप, जहाँ बाल्टिक सागर के मार्ग द्वारा बहु
सा सन आता है, बनाया जाता है। यहाँ कलकत्ते से आये हुए जू
की वस्तुएँ भी बनाई जाती हैं। डंडी में इसके बड़े बड़े कारखाने
हैं। आयरलैंड के उत्तर में जो अटसी बोई जाती है उससे वहाँ के
बहुत से कारखानों में 'लिनन' कपड़ा बनाया जाता है। इन कारखानों
के लिए इंगलैंड और स्काटलैंड से कोयला जाता है। बेलफास्ट
में इसका कारखाना दुनिया में प्रसिद्ध है। आयरलैंड के उत्तर
प्रान्त जो अलस्टर कहलाता है लिनन' के कारखानों के लि
प्रसिद्ध है।

(ङ) जहाज बनाना—ब्रिटिश-द्वीपसमूह में जहाज बहुत बनते
हैं। जो जहाज ब्रिटिश के बन्दरगाहों में बनते हैं वे दुनिया में सबसे
अच्छे समझे जाते हैं। क्लाइड नदी पर ग्लासगो में, टाइन नदी पर
न्यूकैसिल में, टेम्ज नदी पर लन्दन में, मार्सी नदी पर लिवरपूल

पानी बरसाती है। पूर्व की ओर समतल मैदान हैं, यहां से खेत बन सकते हैं, परन्तु इस ओर वर्षा बहुत कम होती इसलिए खेती बहुत कम होती है। खेती के कम होने एक और कारण यह है कि ब्रिटिश-द्वीपों में वर्ष के बहुत कम में फ़सलों के पकने को पर्याप्त गर्मी पड़ती है। जाड़े की ऋ बड़ी और बहुत लम्बी होती है और आकाश प्रायः प्रत्येक में विशेष कर जाड़े में बादलों से घिरा रहता है। देखी दशा में बहुत कम हो सकती है। तुम जानते हो कि छोटे छोटे गाँव ही के पास होते हैं।

ब्रिटिश-द्वीपों की आबादी के नक़शे को इसके प्राकृतिक तथा खनिज पदार्थवाले नक़शे से तुलना करो तो तुम्हें होगा कि:—

(१) जो भाग पहाड़ी हैं वे बिरले आबाद हैं।

(२) जिन भागों में कोयले और लोहे की खानें हैं आबाद हैं।

(३) समुद्र-तट पर सुरक्षित बंदरगाहों या गहरी नदी समीप बड़े बड़े बन्दरगाह तथा घने आबाद नगर हैं।

(४) पूर्व के मैदानों में भी छोटे छोटे गाँव बहुत कम हैं भाग भी बिरले आबाद हैं।

इन्हीं बातों के कारण निर्णय करो और खनिज पदार्थ आबादी के विन्यास के बीच में सम्बन्ध बताओ।

कारखाना के वर्णन में तुम ग्रेटब्रिटेन और आयरलैंड बड़े बड़े नगरों के नाम पढ़ चुके हो। इनके अतिरिक्त और से नगर हैं। इन सबके नाम स्मरण रखना तुम्हारे लिए बड़ा है। इस देश में १०० से अधिक ऐसे नगर हैं जिनकी आधे लाख से भी अधिक है। हिन्दुस्तान में भी ऐसे लगभग हैं।

(१) पश्चिमी पठार—यह पठार बेरिंग [illegible] से [illegible] के [illegible] तक फैला हुआ है, और [illegible] का [illegible] ऊँचे ऊँचे [illegible] अमेरिका के पश्चिमी किनारे पर



[illegible]

[illegible] है, [illegible]

है। ये पहाड़ प्राकृतिक रुकावट का काम नहीं करते। एटलांटिक महासागर में गिरनेवाली ६ बड़ी बड़ी नदियाँ चौड़ी घाटियों से होकर उत्तरी अमेरिका के पूर्वी समुद्र-तट पर गहरी एस्टुअरी बनाती हैं जिन पर प्रसिद्ध बन्दरगाह बन गये हैं। कई रेलवे लाइनें भी इस पहाड़ी श्रेणी को पार करके पूर्वी समुद्र-तट के बन्दरगाहों को, विशेष कर न्यूयार्क को मध्य के नगरों से मिलाती हैं। मिसिसिपी, सेंट लारेन्स और रेड रिवर के मैदानों के मध्य में यह रीढ़ वाटरशेड का काम देती है।

(३) मध्य के मैदान—नक्शे में उन नदियों के मार्गों को देखो जिनमें इन मैदानों का जल आता है। इन मैदानों का ढाल उत्तर और दक्षिण की ओर है। बीच में एक वाटरशेड है, जो कैनाडा और संयुक्तराज्य की मिली हुई सीमा के पास है और इस महाद्वीप के एक ओर से दूसरी ओर तक चला गया है। इस वाटरशेड या जलविभाजक को तुम एक पहाड़ी श्रेणी के रूप में नहीं देख सकते, क्योंकि यह समीपवर्ती मैदान से सिलसिलेवार ऊँची होती गई है। नक्शे के देखने से तुमको यह भी विदित होगा कि इस बड़े मैदान के उत्तरी आधे भाग में बहुत-सी बड़ी बड़ी झीलें हैं। कहते हैं कि दुनिया में जितना मीठा पानी है उसका आधा उत्तरी अमेरिका की झीलों में है।

नदियाँ और झीलें—उत्तरी अमेरिका की बड़ी बड़ी नदियाँ बीच के मैदान में बहती हैं। नक्शे में उन नदियों को ढूँढो जो उत्तरी ढाल पर बहती हैं। मेकेन्जी नद उत्तर की ओर जंगल और टुंड्रा में होकर बहती है और उत्तरी महासागर में गिरती है। यह जाड़े में शीत से जम जाती है इसलिए व्यापार के काम की नहीं है।

कैनाडा के दक्षिण में [illegible] नक्शे में देखो। यह भी नदियों के एक बड़े समूह के मध्य में स्थित है। इसके जल को नेलसन नदी बहा कर हडसन [illegible] में ले जाती है।

उत्तरी हिन्दुस्तान है। ये दोनों बातें तुमको वहाँ के जलवायु के समझने में बहुत बड़ी सहायता देंगी।

इसके किनारे बहुत अच्छे हैं। इन पर मानसून हवाओं के कारण बहुत जलवृष्टि होती है। देश का भीतरी भाग समुद्री किनारों की अपेक्षा अधिक शुष्क और ठंडा है, क्योंकि किनारों पर जलवृष्टि होने के कारण मानसून हवाओं की आर्द्रता खर्च हो जाती है। इसलिए जब ये हवाएँ भीतर जाती हैं तब लगभग शुष्क हो जाती हैं। चूँकि एक ओर पठार है और दूसरी ओर नीचे समुद्री किनारों के मैदान हैं, और ऊँचा धरातल मैदान की अपेक्षा ठंडा और शुष्क है, इसलिए इन दोनों स्थानों की वनस्पति में बड़ा अंतर है

समुद्री किनारों पर गन्ना, चावल, कपास और गर्म देशों अन्य उपज की खेती होती है। इनसे कुछ अधिक ऊँची भूमि में पर कहवा और तम्बाकू की खेती बहुत अच्छी होती है।

कार में है। फ्लोरिडा के किनारे की ओर बहामा द्वीप-समूह, जमेका द्वीप तथा अन्य बहुत से छोटे छोटे द्वीप ब्रिटिश के अधिकार हैं। जमेका द्वीप में किंग्स्टन नगर व्यापार का केन्द्र तथा द्वीप राजधानी है। यह बन्दरगाह पनामा की नहर से सबसे समीप अँगरेज़ी बन्दरगाह होने के कारण बड़े महत्व का स्थान है। इस बन्दरगाह से केले, नारियल, शक्कर, शराब, और कहवा विदेश भेजा जाता है और चावल, आटा, कपड़े और औज़ार आदि से यहाँ आते हैं।

प्रश्न

१—(क) पश्चिमी द्वीपसमूह (ख) मध्य अमेरिका के उत्पादन तथा उपज का वर्णन करो।

२—संयुक्त-राज्य के कारोबार तथा व्यापार की इतनी अधिक उन्नति का क्या कारण है? वहाँ के निवासियों के मुख्य मुख्य धन्धे क्या हैं और वे देश के किस-किस भाग में होते हैं?

३—कैनेडा को तुम कौन कौन से प्राकृतिक भागों में विभक्त कर सकते हो? व्यापार के विचार से यह इतना अधिक क्यों प्रसिद्ध है?

४—न्यूफ़ौंडलैंड से वानकोवर द्वीप तक यदि तुम अमेरिका के इस किनारे से उस किनारे तक यात्रा करो, तो मार्ग में तुमको कौन कौन से बन्दरगाह दिखाई पड़ेंगे?

५—निम्नलिखित नगरों के प्रसिद्ध होने का कारण बताओ—पनामा, न्यूआर्लियन्स, पिट्सबर्ग, शिकागो, हैलीफ़ैक्स, रियो डी जेनेरो, और डासन।

अभ्यास

उत्तरी अमेरिका के दिये हुए खाके पर देशों की सीमा तथा बड़े नगरों के स्थान दिखाओ, और जहाँ जहाँ लकड़ी के काम, मछली पकड़ना, खान खोदना तथा कृषि के उद्यम होते हों वहाँ इन सब को लिख दो।

१—आस्ट्रेलिया को किन प्राकृतिक भागों में विभाजित कर सकते हो ?

२—आस्ट्रेलिया महाद्वीप के समुद्र-तट के चारों ओर की एक काल्पनिक समुद्र-यात्रा का वर्णन लिखो और बताओ तुम किस बन्दरगाह से और किस मार्ग से आस्ट्रेलिया आ सकते हो।

३—आस्ट्रेलिया के मुख्य ५ बन्दरगाहों की स्थिति पर अपने विचार प्रकट करो।

अभ्यास

१—आस्ट्रेलिया के नक़्शे पर मुख्य मुख्य नदियाँ, समुद्र तथा हिन्द और खाड़ियाँ तथा ग्रेट बैरियर रीफ़ दिखाओ।

१—आस्ट्रेलिया को किन प्राकृतिक भागों में विभाजित कर सकते हो?

२—आस्ट्रेलिया महाद्वीप के समुद्र-तट के चारों ओर की एक काल्पनिक समुद्र-यात्रा का वर्णन लिखो और बताओ तुम किस बन्दरगाह से और किन मार्ग से आस्ट्रेलिया जा सकते हो।

३—आस्ट्रेलिया के मुख्य ३ बन्दरगाहों की स्थिति पर अपने विचार प्रकट करो।

अभ्यास

१—आस्ट्रेलिया के नक्शे पर मुख्य मुख्य खाड़ियाँ, समुद्र तथा बन्दरगाह और धारायें तथा ग्रेट बैरियर रीफ़ दिखाओ।

दूसरा अध्याय

जलवायु, वनस्पति और जीवजन्तु

यदि तुमने दक्षिणी अफ्रीका का जलवायु भली भांति समझ लि[illegible] है तो तुमको आस्ट्रेलिया के जलवायु के समझने में कोई कठिनाई [illegible] होगी, क्योंकि ये दोनों स्थल के बड़े बड़े भाग सर्वथा एक ही प्रकार [illegible] हैं। दोनों एक ही अक्षांशों के बीच में स्थित हैं, दोनों में पूर्व की [illegible] प्लेटो तथा पहाड़ हैं, और दोनों पर समुद्री जलवायु का एक ही [illegible] प्रभाव पड़ता है। तुमको स्मरण होगा कि अफ्रीका के जलवायु [illegible] विभाग विषुवत रेखा के पास बहुत गर्म हैं और यहाँ जलवृष्टि [illegible] अधिक होती है। इनके अतिरिक्त वह विभाग हैं जिनमें (क) कम ज[illegible] वृष्टि होती है (ख) मरुस्थल हैं और (ग) भू-मध्य सागर के जलवायु वाले हैं।

यही जलवायु के विभाग आस्ट्रेलिया में भी हैं। यद्यपि आस्ट्रेलि[illegible] का कोई भाग भी विषुवत रेखा तक नहीं पहुँचता, परन्तु साथ ही [illegible] कोई भाग इससे बहुत दूर भी नहीं है। दक्षिणी अफ्रीका की भाँति आस्ट्रेलिया के मध्य भाग से मकर रेखा गुज़रती है। इस महाद्वीप [illegible] मध्य भाग समुद्र से बहुत दूर होने के कारण पानी बरसानेवाली हवाओं के प्रभाव से वंचित रहते हैं। यही कारण है कि ये भाग गर्मी के दिनों (दिसम्बर और जनवरी) में अत्यन्त गर्म हो जाते हैं और इनके जल[illegible] के वायुमंडल का दबाव बहुत कम रह जाता है। उत्तरी भागों पर हिन्द महासागर को पार करके आनेवाली उत्तरी-पूर्वी ट्रेड हवायें, मान[illegible] सून या मौसिमी हवाओं के रूप में चलने लगती हैं और खूब बर्[illegible] करती हैं। तुमको स्मरण होगा कि आक्टोबर और नवम्बर के महीने में

उत्तरी-पूर्वी ट्रेड हवायें या उत्तरी-पूर्वी मानसून मद्रास आहाते और लंका में वर्षा करती हैं। यही हवायें विषुवत रेखा को पार करके आस्ट्रेलिया के उत्तरी भाग की कम दबाववाली पहली हवा का स्थान ग्रहण करने के लिए दौड़ पड़ती हैं।

आस्ट्रेलिया के गर्म और जलवृष्टिवाले भाग में उत्तरीय प्रायद्वीपों के सिरे और इनसे ऊपर उत्तर में जो द्वीप (जैसे न्यूगिनी इत्यादि) हैं, सबके सब सम्मिलित हैं। पूर्वी पहाड़ों के ढालों पर जो समुद्र की ओर हैं पैसिफिक महासागरवाली हवाओं से जलवृष्टि होती है, और भीतर की ओर जो भाग हैं वह भी गर्म हैं, परन्तु उसमें जलवृष्टि कम होती है। पश्चिमी पठार और बीच के मैदान के सन्निकट के भाग और भी अधिक शुष्क हैं। यहां गर्मी तथा शीत दोनों परिमाण से अधिक होते हैं। आस्ट्रेलिया के उन प्रान्तों में, जो दक्षिण में महाद्वीप के दोनों कोणों पर स्थित हैं तथा तसमानिया द्वीप में भू-मध्य सागर का-सा जलवायु है। आस्ट्रेलिया में पूर्वी पहाड़ों को छोड़ कर और कोई ऐसा भाग न मिलेगा जो जाड़े (जून, जुलाई) में अधिक ठंडा हो जाता हो। आस्ट्रेलिया में कभी कभी बिल्कुल वर्षा नहीं होती। घास के मैदानों में वर्षा का अभाव बड़ा ही हानिकारक होता है। किसानों की फसलों के बरबाद होने के अतिरिक्त सहस्रों भेड़ें मर जाती हैं। आस्ट्रेलिया के जलवायु के विषय में यह स्मरण रखना अत्यन्त आवश्यक है कि महाद्वीप के किसी भी समुद्रतट से ज्यों ज्यों हम भीतर की ओर जाते हैं, हमको अधिक सूखे तथा निर्जल भाग मिलते जाते हैं।

वनस्पति—इस महाद्वीप के वनस्पति के विभाग भी अफ्रीका के विभागों से बहुत मिलते-जुलते हैं। जलवायु के भागों के विचार से पहले वन हैं, फिर घास के मैदान हैं, आगे मरुस्थल हैं और इसके पश्चात् भू-मध्य सागर का-सा उपज होता है। वन अधिकतर मुख्य आस्ट्रेलिया के उत्तरी किनारों पर द्वीपों में और पूर्वी पहाड़ों पर हैं, क्योंकि यहां वर्षा की अधिकता रहती है और गर्मी भी खूब पड़ती है। यहां के

[illegible] में यूकालिप्टस या नीले गोंद के पेड़ हैं। इनका गोंद लकड़ी पर वार्निश करने और इनका तेल दवा के काम आता है। ये

यूकालिप्टस का पेड़

पेड़ प्रायः दक्षिण-पश्चिम तथा पूर्व के भागों में पाये जाते हैं। इस महाद्वीप के अधिकतर पेड़ों की पत्तियों में तेल पाया जाता है जिसके कारण वे कड़ी से कड़ी गर्मी तथा शुष्क हवा के झकोरों को सहन करके जीवित रह सकते हैं। पश्चिमी आस्ट्रेलिया के जंगलों के पेड़ों के शहतीर हिन्दुस्तान और लङ्का की रेलवे लाइन में 'स्लीपर' बनाने के लिए लाये जाते हैं।

उत्तर के उष्ण कटिबन्धवाले सम प्रदेश में शहतीरों के पेड़, खजूर, बाँस, बेंत, तथा [illegible] पाई जाती हैं। उत्तरी पूर्वी भागों में अर्थात् क्वीन्सलैंड में केले, धान, तम्बाकू, गन्ने तथा नील की [illegible] होती हैं। आस्ट्रेलिया

[illegible] पश्चिमी आस्ट्रेलिया में गेहूँ बोया जाता है। न्यू [illegible] तथा विक्टोरिया प्रान्त के खेतों में इतना अधिक [illegible] होता है कि इस महाद्वीप में खर्च से बचने पर विदेशों को [illegible] जाता है। तसमानिया तथा ऐसे प्रदेशों में जहाँ भू- [illegible] जलवायु है फल अधिक उत्पन्न होते हैं।

जीव-जन्तु—आस्ट्रेलिया में ऐसे बहुत से जीव-जन्तु हैं जो [illegible] के अन्य किसी भाग में नहीं पाये जाते। इनमें कंगरू [illegible] प्रसिद्ध है। यह चरनेवाला पशु है, इसकी मादा के पेट के [illegible] एक ऐसी थैली होती है जिसमें यह अपने बच्चों को रख लेती [illegible] दूध पिलानेवाले पशुओं में यहाँ एक विशेष प्रकार के पशु होते [illegible] अंडे देते हैं। शुतुर्मुर्ग की भाँति एक बहुत भागनेवाला बड़ा [illegible] होता है जिसकी ऊँचाई लगभग ६ फीट होती है। इसके [illegible] नहीं होते कि यह उड़ सके परन्तु यह घोड़े के समान तेज



(१)—(क) आस्ट्रेलिया के मनुष्यों के मुख्य उद्यम तथा मुख्य [illegible] के क्या जानते हो?

(ख) यह किस प्रकार और किन किन भागों में प्राप्त [illegible] है?

(२)—आस्ट्रेलिया 'इंगलैंड का कृषक क्षेत्र है', इस विषय में [illegible] प्रकट करो।

(३)—आस्ट्रेलिया के जलवृष्टि और वनस्पतिवाले नक्शों को [illegible] करो कि वर्षा तथा वनस्पति में घनिष्ठ सम्बन्ध है।

अभ्यास

(१)—आस्ट्रेलिया के खाके पर मानसून हवाओं का प्रान्त, [illegible] प्रदेश, तथा [illegible] शुष्क प्रदेश दिखाओ और इन भागों [illegible] का नाम ठीक स्थानों पर लिख दो।

चौथा अध्याय

न्यूज़ीलैंड तथा प्रशान्त महासागर के अन्य द्वीप

न्यूज़ीलैंड ब्रिटिश-राज्य का एक और भाग है। इसका क्षेत्रफल बिहार व उड़ीसा के क्षेत्रफल के तुल्य है। यह तसमानिया द्वीप से पूर्व की ओर अनुमान से १,००० मील की दूरी पर है। नक़शे पर ध्यान से देखो ४०° दक्षिणी अक्षांश रेखा जो बास के जलसंयोजक में से होकर जाती है वही कुक जलसंयोजक में होकर भी जाती है। यह जलसंयोजक उत्तरी द्वीप तथा दक्षिणी द्वीप के बीच में है। इस अक्षांश के पते से तुम न्यूज़ीलैंड के जल-वायु तथा वनस्पति का अनुमान कर सकोगे। ये दक्षिणी-पूर्वी आस्ट्रेलिया के जल-वायु तथा वनस्पति से बहुत मिलते हैं।

न्यूज़ीलैंड अधिकांश पहाड़ी देश है। यह उन ज्वाला-मुखी पहाड़ी द्वीपों के ठीक दक्षिण में है जिनकी श्रेणी पश्चिम में पैसिफ़िक महासागर के किनारे किनारे होती हुई यहां आकर समाप्त होती है। इसलिए भूडोलों का आना यहां एक साधारण बात है। यहां गर्म सोते जिनको गीसर कहते हैं, बहुत से हैं। इनमें से फ़ौआरे के सदृश जल की गर्म धाराएँ किसी किसी समय बहुत ऊँची उठती हैं।

उत्तरी तथा दक्षिणी द्वीप बनावट में एक दूसरे से सर्वथा भिन्न हैं। उत्तरी द्वीप मध्य में अत्यन्त ऊँचा है। यहां से उत्तर, दक्षिण, पूर्व तथा पश्चिम चारों ओर पहाड़ों की श्रेणियां गई हैं। इनमें कई ज्वालामुखी पहाड़ हैं जो हमारे देश के विन्ध्याचल या पश्चिमी घाट से अधिक ऊँचे हैं। इनके समीप भूडोल अक्सर आया करता है।

[illegible] द्वीप में पश्चिमी हवाएँ चलती हैं इसलिए पश्चिम [illegible] पूर्वी किनारे की अपेक्षा अधिक जल-वृष्टि होती है

न्यूजीलैंड की वनस्पति के विभाग यहाँ के (क) [illegible] (ख) इनके नीचे ढालों पर घास के मैदान हैं [illegible] पर भी घास होती है। वनों में बहुमूल्य [illegible] बहुत से लोग लकड़ी का काम काज करते हैं [illegible] पहाड़ के ५०० फीट ऊँचे पेड़ पाये जाते हैं [illegible] तथा गोंद या लाख निकलती है जिससे बहुत उत्तम वार्निश बनाई जाती है। देश के [illegible] मूल्य [illegible] भेड़ पालना है। ऊन और भेड़ का [illegible] परिमाण में यहाँ से योरप को भेजा जाता है। [illegible] गेहूँ की खेती होती है। [illegible] है, परन्तु [illegible] तथा [illegible] जाता है। इस द्वीप की [illegible] जलवायु [illegible] को देखकर [illegible] किनारे के [illegible] है। [illegible] है, [illegible] है।

[illegible]

की ओर से ग्रीस के रण-क्षेत्र में लड़े थे। इन लोगों ने प्राचीन काल में अपने मर्मोरथनी गहरे तथा तूफ़ानी समुद्रों में लकड़ी की छोटी छोटी नावें चलाना सीखा था। ४०° द० अ० के समीप की प्रचंड पछुआ हवाओं की उठाई हुई लहरों में ये नावें कुशलता-पूर्वक चल सकती थीं। आज-कल ये शिक्षित हो रहे हैं। इनमें से बहुत लोग अँग-रेज़ उपनिवेशों की सहायता से खेती करते, भेड़ें पालते तथा ऊन एक-त्रित करके विदेशों को भेजते हैं।

आकलैंड—केवल यही एक नगर इसमें ऐसा है जिसमें १ लाख से अधिक मनुष्य रहते हैं। यह उत्तरी द्वीप में बहुत बड़ा व्यापारिक बन्दरगाह है। वेलिंगटन न्यूज़ीलैंड की राजधानी है। यह दोनों द्वीपों के मध्य में कुक के मुहाने पर स्थित है। क्राइस्टचर्च दक्षिणी द्वीप में सबसे बड़ा नगर है। इसके समीपवर्ती भागों में भेड़ें बहुत पाली जाती हैं।

न्यूज़ीलैंड एक अँगरेज़ी उपनिवेश है। यह एक अँगरेज़ी गव-र्नर के अधीन है जो प्रजा के निर्वाचित सदस्यों की एक पार्लियामेन्ट तथा मंत्रिमण्डल की सहायता-द्वारा राजकाज चलाता है। इसके अधीन प्रशान्त महासागर के बहुत-से द्वीप हैं।

प्रशान्त महासागर के मध्य के कुछ इन द्वीपों को [illegible] को पालीनेशिया (अर्थात् बहुत से द्वीप) और मेलानेशिया के नाम से प्रसिद्ध है। इनमें से बहुत-से अँगरेज़ी शासन के अधीन हैं। इनमें से फ़ीजी, टोंगा तथा [illegible] द्वीप-समूह सबसे प्रसिद्ध हैं। [illegible] द्वीप-समूह में [illegible] ८०० द्वीप सम्मिलित हैं। [illegible]

[illegible]

निवासी मछली पकड़ कर जीवन-निर्वाह करते हैं। फ़ीजी द्वीपसमूह के बहुत-से द्वीपों में हिन्दुस्तानी किसानों-द्वारा योरपीय धनवान् लोग गन्ने की खेती करते हैं। मक्का, धान, कपास, तथा गन्ना, अब प्रायः बहुत-से द्वीपों में बोया जाने लगा है।

प्रश्न

(१) न्यूज़ीलैंड का उत्तरी द्वीप दक्षिणी द्वीप से बनावट में किन किन बातों में नहीं मिलता ?

(२) न्यूज़ीलैंड के जल-वायु तथा उपज की दक्षिणी-पूर्वी आस्ट्रेलिया के जल-वायु तथा उपज से तुलना करो।

अभ्यास

(१) न्यूज़ीलैंड के खाके पर बड़े बड़े पहाड़ और निम्नलिखित बातों को दिखाओ :—

कुक स्ट्रेट, आकलैंड; वेलिंगटन, क्राइस्ट चर्च, घास के मैदान, गीसर या गर्म जल के फ़व्वारे, कौरी पाइन के जंगल तथा भेड़ों का प्रदेश।

यदि तुम्हें यह विदित हो जाय कि अधिक दबाववाली हवा कम दबाव-वाली हवा की ओर चलती है, तो तुम यह शीघ्र समझ जाओगे कि हवा में गति या चाल उत्पन्न करनेवाली शक्ति गर्मी है जिस पर हवा के दबाव का घटना और बढ़ना निर्भर रहता है।

जब वायु में गति (चाल) उत्पन्न हो जाती है तब हम इसे हवा या 'विन्ड' कहते हैं। यदि भिन्न भिन्न स्थानों या भिन्न भिन्न ऊँचा-इयों की हवा का दबाव सदैव समान बना रहे तो कोई हवा न चले और हवा गर्मी तथा जल का बाँटना बन्द कर दे। ओ हो! तब तो दुनिया के जलवायु, उपज तथा मनुष्यों की उन्नति में बड़ा भारी परिवर्तन हो जाय!



[illegible]

यदि हम सारे भूमण्डल की सैर करें तो हमको विदित होगा कि हवायें भिन्न भिन्न भागों पर भिन्न भिन्न समय और भिन्न भिन्न दिशाओं की ओर से भिन्न भिन्न चाल से चला करती हैं। इसलिए हवाओं के नाम उनके चलने के (१) स्थान या प्रदेश, (२) दिशा, (३) ऋतु तथा (४) चाल के अनुसार रख लिये गये हैं।

भूमण्डल पर चलनेवाली हवाओं के चलने का कारण तथा रुख या दिशा का ठीक अनुमान वायुमण्डल की हवा के दबाव और भिन्न भिन्न दबाव की पेटियों को समझने से किया जा सकता है। सामने के नक़शे को ध्यान से देखो। इसमें हवा की तीन मुख्य तथा ध्रुव प्रदेश की हलकी हवा की दो पेटियां दिखाई गई हैं। विषुवत रेखा और ध्रुवों के समीप की पेटियों का दबाव कम है और कर्करेखा और मकररेखा के पास की पेटियों का दबाव अधिक है।



अनवरती मास में हवाओं का रुख

विषुवत रेखा के समीप की पेटी को डोलड्रम कहते हैं। प्राचीन काल के मांझी इस पेटी की हवाओं को उनके कैसे व्यवहार, बिजली की

चमक, विकट आँधियों तथा घोर वृष्टि के कारण बहुत डरते थे। ३०° उत्तर तथा ३०° दक्षिण अक्षांश के समीप की हवा की पेटियों तथा पछुवा हवाओं को मांझी 'हार्स लैटीच्यूड' कहते हैं।

हवा की ये पेटियाँ सूर्य के साथ साथ उत्तर या दक्षिण की ओर घटती बढ़ती रहती हैं। जब सूर्य उत्तरी गोलार्द्ध पर कर्करेखा के ठीक ऊपर चमकता हुआ दिखाई पड़ता है तब गर्मी की अधिकता के कारण इस ओर के मध्य भाग का वायुमण्डल बहुत ही पतला हो जाता है और कर्करेखा तथा विषुवत रेखा की पेटी उत्तर की ओर बढ़ जाती है। इसी प्रकार जब सूर्य दक्षिण की ओर झुका हुआ (दक्षिणायन) दिखाई पड़ता है तब ये सब पेटियाँ दक्षिण की ओर बढ़ जाती हैं। सूर्य के उत्तर या दक्षिण की ओर बढ़ने से स्थल-भागों की हवा के दबाव में बड़ा भारी परिवर्तन हो जाता है। दिन और रात में भी 'हवा के दबाव' में परिवर्तन होते रहते हैं, क्योंकि पृथ्वी के घूमने के साथ साथ इसके ऊपर का वायुमण्डल भी घूमता जाता है और क्रम से गर्म या ठंडा होता रहता है और स्थल तथा जल-भाग अपने ऊपर की हवा को ठंडा या गर्म करके इसके दबाव में परिवर्तन पैदा करते रहते हैं। इसलिए वायुमण्डल की हवा के दबाव में स्थायी परिवर्तन होने के कारण चलनेवाली 'ट्रेड' हवाओं के वर्णन के पहले हवा के दबाव में दैनिक परिवर्तन होने के कारण उत्पन्न होनेवाली हवाओं का वर्णन पढ़ना अत्यन्त आवश्यक है।

स्थल तथा जल की हवायें

हम बता चुके हैं कि भूमि के समीप की हवा गर्म होकर फैलती है और हलकी होकर ऊपर उठती है। समीप के ठंडे प्रदेशों से घनी तथा अधिक दबाववाली हवा इस गर्म हवा का स्थान ग्रहण करने के लिए दौड़ पड़ती है। हिन्दुस्तान ऐसे गर्म देशों के समुद्र-तट के समीप इस प्रकार की स्थानिक हवायें चलती हुई मालूम होती हैं। प्रातःकाल

[illegible] में भी इन दिनों हो जाती है जब सूर्य मकर रेखा पर सीधा [illegible] है।

सामयिक हवायें

आकाश में सूर्य की स्थिति बदलती हुई प्रतीत होने का दूसरा [illegible] यह पड़ता है कि भूमण्डल पर किन्हीं किन्हीं प्रदेशों में भूमि की [illegible] तथा पहाड़ों की [illegible] के कारण ग्रीष्म ऋतु में हवा इतनी [illegible] गर्म हो जाती है कि उसका 'दबाव' बहुत ही हलका हो जाता [illegible] और समीप के समुद्रों के ऊपर की हवा विषुवत रेखा के समीप [illegible] प्रदेश में होने पर भी न तो इतनी गर्म हो पाती है और न उसका [illegible] ही इतना घटने पाता है।

यदि कम दबाववाली हवाओं के स्थल-भाग के उत्तर की ओर कोई [illegible] पहाड़ होते हैं जो उत्तर की आकाश की ओर से आनेवाली [illegible] दबाव की हवाओं को रोक लेते हैं तो उनसे 'कम दबाव' वाली [illegible] समुद्रों की हवायें [illegible] हवाओंवाले स्थल भागों [illegible] ओर [illegible] हवाओं के साधारण [illegible] के विरुद्ध चलने लगती हैं।

इस प्रकार की हवायें किसी [illegible] ऋतु में चलती हैं इसलिए [illegible] मौसिमी हवायें या 'मानसून' कहते हैं। मानसून हवायें [illegible] तथा समुद्री हवाओं से [illegible] है। [illegible]

[illegible] के वायुमंडल में [illegible] से हवायें इतनी [illegible] हो जाती हैं कि इनका दबाव नीचे की हवाओं से बढ़ जाता है और वे वेग की 'अधिक दबाव की पेटियों' के समीप पहुँच कर [illegible] हवायें कहलाती हैं। इस समय इनमें नमि की मात्रा नहीं होती इसलिए जिन प्रदेशों के पास ये हवायें नीचे उतरती हैं उनमें वर्षा नहीं होती और वे शुष्क प्रदेश प्रायः रेगिस्तान का स्वरूप हो जाते हैं। यदि हम दुनिया के नक्शे पर देखें तो दुनिया के बड़े बड़े रेगिस्तान इसी पेटियों के समीपवाले भागों में पाये जाते हैं।

[illegible]

इसलिए रीतोष्ण कटिबन्ध के देशों में पश्चिमी समुद्र-तट पर पूर्वी समुद्र-तट की अपेक्षा अधिक वर्षा होती है। पछुआ हवाओं के प्रदेशों में उष्णकटिबन्ध देशों के नगरों में कारखाने नगरों के पूर्व में बनाये जाते हैं ताकि पछुआ हवायें धुआं नगर की ओर न लाकर उसके विपरीत पूर्व की ओर उड़ा ले जायें।

दुनिया के भिन्न भिन्न देशों का भौगोलिक वर्णन पढ़ने से तुम्हें विदित हो जायगा कि भूमंडल पर बरसनेवाली गर्म, सदा ठंडी अथवा मार्ग में भरी हवायें कहाँ कहाँ मनुष्य की दृष्टि में महादेव और कहाँ बड़ी हानिकारक प्रतीत होती हैं। कहीं कहीं समुद्रों में हवाओं के रुख के अनुसार जलमार्ग निश्चित किये जाते हैं। रेगिस्तानों में कहीं कहीं हवायें इतनी अधिक बालू तथा धूल उड़ाती हैं कि वायुमंडल धूल-कणों से परिपूर्ण हो जाता है और मार्ग खोजना कठिन हो जाता है। कहीं कहीं हवाओं के कारण वर्षा होती है तो कहीं कहीं हवायें पेड़-पौधों की सनसनाहट का प्यारा सुख देती हैं।

रीतोष्ण कटिबन्ध के देशों में कभी कभी पछुआ हवायें तथा प्रचण्ड आँधियां इतनी अधिक भयंकर रूप धारण कर लेती हैं कि जाड़े के दिनों में पानी बरफ़ बनकर बरसता है। जाड़े के दिनों में इंगलैण्ड के बहुतसे नगरों में लोग अपने मकानों में अंगीठियां जलाते हैं। इसे देखकर ये मालूम हो सकते हैं कि इस विषुवत् रेखा का प्रदेश है। जिस दिन प्रत्यक्ष लोगों को विदित होता है कि वातावरण (थर्मामीटर) वायु का तापक्रम ६०° फ़ा० का दर्शाने की एक हलचल है तो वे समझ लेते हैं कि आज दिन बहुत ठंडा रहेगा और दिन भर तापक्रम ७०° फ़ा० हो तथा रात को ये लोग मुश्किल से ओढ़ना ओढ़ते हैं। गर्मी के दिनों में हवाओं का तापक्रम ७०° से लेकर ८०° तक रहता है। आज से कुछ प्रदेशों में हवाओं का तापक्रम इससे अधिक के तापक्रम से बहुत कम रहता है। कहीं कहीं हवायें सदा ही गर्म बहती रहती हैं। उत्तरी ध्रुव के कुछ प्रदेश ऐसे हैं और कुछ देश ऐसे भी हैं जहाँ सदा

ऊपर के वर्णन से तुम समझ गये होगे कि भूमंडल के भिन्न भिन्न भागों में मनुष्यों के जीवन पर हवाओं का क्या प्रभाव पड़ता है।

प्रश्न

१—हवाओं को कौन चलाता है? हवायें क्यों कर एक बराबर नहीं रहती हैं?

२—ट्रेडविंड, पछुवा, मानसून, स्थली हवायें, सामुद्रिक हवायें किसे कहते हैं? ये दुनिया के किस अक्षांशों में चलती हैं? और क्यों?

३—नीचे लिखे के विषय में क्या जानते हो?—
डोलड्रम, गरजनेवाली चालीसा, घोड़े का अक्षांश।

४—इसको किस प्रकार प्रमाणित करोगे कि हिन्दुस्तान की ओर से चलनेवाली मानसून हवायें दक्षिण कटिबन्ध में चलनेवाली हवाओं के रुख के विरुद्ध चलती हैं? और क्यों?

५—हवा के दबाव और तापक्रम में क्या सम्बन्ध रहता है?

अभ्यास

१—दुनिया के नक्शे पर प्रश्न सं० २ तथा ३ की बातों को दिखाओ।

२—दुनिया के हवाओं के नक्शे को देख कर उन देशों की सूची तैयार करो जिन पर (१) ट्रेड हवायें, (२) मानसून हवायें, (३) पछुवा हवायें चलती हैं।

३—दुनिया के हवाओं के नक्शे को देख कर बताओ कि हिन्दुस्तान में जाड़े तथा जनवरी मास में हवायें किस ओर को रहती हैं और पर अनुमान करो कि हिन्दुस्तान के जलवायु पर इसका क्या प्रभाव पड़ता होगा।

मासिक वर्षा का औसत इन्चों में।

नाम नगर	ज०	फ०	मा०	अ०	म०	जू०	जु०	अग०	सि०	अ०	न०	दि०
लन्दन	२-४	१-७	१-४	१-६	१-७	२-३	२-४	२-३	२-४	२-६	१-६	२-
हांगकांग	१	१-३	३-३	५-५	१२-७	१६-४	१६	१४-६	२२-८	५-४	१-१	१
कलकत्ता	०-४	१-०	१-३	२-३	३-६	११-८	१२-०	१२-६	१०-०	५-४	०-६	०-२

४—ऊपर लिखे हुए वर्षा के अंकों को ग्राफ़ के रूप में दिखाओ और बताओ इन तीनों नगरों में कौन-सा (१) सबसे अधिक गर्म (२) सबसे अधिक ठंडा है, और कब। क्या तुम अनुमान से बता सकते हो कि इन स्थानों में कौन-सी हवायें चलती होंगी?

५—निम्नलिखित नगरों के मासिक तापक्रम को ग्राफ़ के रूप में दिखाओ।

(तापक्रम फ़ारेनहाइट डिग्री में)

नाम नगर	ज०	फ०	मा०	अ०	म०	जू०	जु०	अग०	सि०	अ०	न०	दि०
बम्बई	७४	७२	७६	८०	८२	८१	८०	८०	८१	८०	८०	७६
कलकत्ता	६२	७०	७६	८२	८२	८३	८०	८०	८०	८०	७२	६२
लाहौर	५	५१	६	८१	८८	९२	८६	८८	८२	७०	६४	५२

इन नगरों के तापक्रम को ग्राफ़ में दिखाकर बताओ —

(१) कौन-सा नगर सबसे गर्म और कौन-सा सबसे ठंडा रहता होगा?

(२) तापक्रम किस महीने और किस [illegible] सबसे कम होता है और [illegible]

(३) [illegible] किस महीने होता है इन के तापक्रम का कारण [illegible]